This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

बुधवार, 3 मई, 2017 / 13 वैशाख, 1939

हिमाचल प्रदेश सरकार

राजस्व विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 19 अप्रैल, 2017

संख्याः रैव. बी.ए.(3) 4 / 2016.——प्रारुप नियम नामतः हिमाचल प्रदेश भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (प्रतिकर, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन तथा विकास योजना) नियम, 2016 को भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार

अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम संख्यांक 30) की धारा 112 के साथ पठित धारा 109 के उपबन्धों के अधीन यथा अपेक्षित के अनुसार, उक्त नियमों के प्रकाशन की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर तद्द्वारा संभाव्य प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से आक्षेप(पों) / सुझाव(वों) को आमन्त्रित करने के लिए समसंख्यक अधिसूचना तारीख 23–1–2017 को अधिसूचित और राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में तारीख 28–02–2017 को प्रकाशित किया गया था;

और उक्त नियमों पर प्रभावित व्यक्तियों से प्राप्त हुए आक्षेपों और सुझावों पर राज्य सरकार द्वारा विचार किया गया;

अतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 109 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाते हैं; अर्थात् :–

प्रारूप नियम

अध्याय–1

साधारण

1. **संक्षिप्त नाम, लागू होना और प्रारम्भ.**––(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (प्रतिकर, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन तथा विकास योजना) नियम, 2016 है।

(2) ये नियम भूमि अर्जन के उन मामलों में लागू होंगे जिनमें राज्य सरकार भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम संख्यांक 30) के अनुसार समुचित सरकार है और इसका विस्तार सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश राज्य पर होगा।

(3) ये नियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगेः–

2. **परिभाषाएं.**––(1) इन नियमों में जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) ''आधार संख्या'' से किसी व्यष्टि से सम्बन्धित जनसांख्यिकी और बायोमीट्रिक सूचना के डी–डुप्लीकेशन के पश्चात् भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यू.आई.डी0 ए.आई.) द्वारा जनित और उसे जारी की गई बारह अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या अभिप्रेत है;

(ख) ''अधिनियम'' से भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम संख्यांक 30) अभिप्रेत है;

(ग) ''सहमति आधारित आधार अधिप्रमाणन सेवा'' से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यू.आईडी.ए. आई.) या इसके द्वारा स्थापित अभिकरणों द्वारा, किसी व्यष्टि के अनुरोध पर बायोमीट्रिक सूचना के मिलान के पश्चात् या उसकी सहमति से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा इसके अपने केन्द्रीय सर्वरों द्वारा अनुरक्षित सूचना सहित किया गया इलैक्ट्रोनिक अधिप्रमाणन अभिप्रेत है और इसमें 'हाँ / नहीं' का प्रत्युत्तर ऐसे व्यष्टि की जनसांख्यिकी सूचना और फोटो सहित प्रत्युत्तर अन्तर्विष्ट होना भी सम्मिलित है; और

(घ) ''धारा' से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं किन्तु परिभाषित नहीं हैं, वहीं अर्थ होंगे जो अधिनियम में क्रमशः उनके हैं।

अध्याय–2

भूमि अर्जन हेतु आवेदन / अनुरोध

3. भूमि अर्जन हेतु आवेदन / अनुरोध.––(1) सामाजिक समाघात निर्धारण, जहाँ कहीं लागू है, और विशेषज्ञ समूह की संस्तुतियों की प्राप्ति पर यदि समुचित सरकार को प्रतीत होता है कि किसी भी क्षेत्र में लोक प्रयोजन हेतु भूमि अपेक्षित है या संभाव्यतः अपेक्षित है, तो अर्जक निकाय या इसके द्वारा प्राधिकृत इसका प्रतिनिधि, जिसके लिए भूमि अर्जित की जानी है, निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ प्ररूप–1 में सम्बद्ध कलक्टर को आवेदन / अनुरोध करेगाः–

(i) विस्तृत परियोजना रिपोर्ट;

(ii) परियोजना का मंजूरी पत्र;

(iii) अधिकार अभिलेख की तीन प्रतियां और प्रभावित क्षेत्रों के राजस्व नक्शे;

(iv) भूमि के वर्गीकरण, अर्थात् सिचिंत, बहु–फसली, एकल फसली या बंजर भूमि, आदि की बाबत सूचना; और

(v) कलक्टर द्वारा अपेक्षित कोई अन्य सूचना।

(2) उप नियम (1) के अधीन कलक्टर को किए गए आवेदन / अनुरोध की प्रति आयुक्त को प्रस्तुत की जाएगी ।

(3) जहाँ अर्जन करने वाला निकाय सरकार है वहाँ सम्बद्ध विभाग के सचिव और पब्लिक सेक्टर उपक्रम की दशा में ऐसे उपक्रम के साथ व्यवहार करने वाले विभाग के सचिव द्वारा आवेदन / अनुरोध किया जाएगा।

4. आवेदन / अनुरोध प्राप्त होने पर कलक्टर द्वारा कार्रवाई.––(1) (क) कलक्टर, नियम 3 के उप नियम (1) के अधीन आवेदन / अनुरोध की प्राप्ति पर, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग लोक निर्माण विभाग या किसी अन्य विभाग, जिसे कलक्टर निम्नलिखित की बाबत प्रारम्भिक जाँच करने के लिए अर्जक निकाय के प्रतिनिधियों के साथ फील्ड दौरे करने के लिए आवश्यक समझे, के अधिकारियों की समिति गठित करेगा जो–

(i) बंजर या शुष्क भूमि की उपलब्धता;

(ii) नियम 3 के उप नियम (1) के अधीन आवेदन / अनुरोध में प्रस्तुत की गई विशिष्टियों की सत्यता;

(iii) परियोजना के लिए अपेक्षित कम से कम न्यूनतम भूमि;

(iv) क्या आवेदन / अनुरोध अधिनियम के उपबन्धों के संगत है, और कलक्टर को इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

(ख) खण्ड (क) में निर्दिष्ट समिति की रिपोर्ट में निम्नलिखित सम्मिलित होगा, अर्थात्:–

(i) कि भूमि के प्रस्तावित अर्जन से लोक प्रयोजन पूरा होगा;

(ii) कि अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि का विस्तार परियोजना के लिए आत्यंतिक कम से कम न्यूनतम है;

(iii) कि किसी अन्य वैकल्पिक स्थान पर भूमि का अर्जन करने का विचार किया गया है और उसे साध्य नहीं पाया गया है;

(iv) कि कोई अप्रयुक्त भूमि नहीं हैं जो उस क्षेत्र में पहले अर्जित की गई है;

(v) कि पहले अर्जित की गई या शेष अप्रयुक्त कोई भूमि, यदि कोई है, ऐसे लोक प्रयोजन के लिए प्रयुक्त की जा सकती है; और

(vi) समिति की सिफारिशें।

(2) (क) यदि कलक्टर का, उप नियम (1) में निर्दिष्ट समिति की रिपोर्ट, उसके पास उपलब्ध अन्य सूचना और केन्द्रीय सरकार द्वारा इस बाबत जारी अनुदेशों के आधार पर समाधान हो जाता है कि आवेदन अधिनियम के उपबन्धों से संगत हैं, तो वह धारा 3 के खण्ड (1) में यथा परिभाषित अर्जन की लागत के प्रारम्भिक प्राक्कलन तैयार करेगा।

(ख) धारा 3 के खण्ड (1) के उप खण्ड (अप) की मद (क) के अधीन प्रशासनिक लागत, अधिकतम पाँच करोड़ रूपए के अध्यधीन, धारा 3 के खण्ड (1) के उप खण्ड (प) में यथा उपबन्धित प्रतिकर की लागत के पाँच प्रतिशत की दर से होगी।

(ग) कलक्टर, धारा 19 की उपधारा (2) के अधीन घोषणा के प्रकाशन से पूर्व, ऐसी अवधि के भीतर जो उस द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, अर्जक निकाय को अर्जन की प्राक्कलित लागत या कलक्टर द्वारा यथा विनिर्दिष्ट उसके भाग को कलक्टर कार्यालय के अभिहित लेखे में जमा करने के लिए सूचित करेगा और अर्जक निकाय उसे उक्त अवधि के भीतर जमा करेगा।

(3) अर्जक निकाय, कलक्टर द्वारा तैयार अंतिम प्राक्कलन के पश्चात्, अर्जन की अतिशेष लागत जमा करेगा और उन मामलों में जहाँ प्राधिकरण या न्यायालय द्वारा अतिरिक्त रकम अधिनिर्णीत की गई हो, जब कभी अपेक्षित हो, जमा की जाएगी।

———————

अध्याय–3

भूमि अर्जन के लिए प्रारंभिक अधिसूचना और पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम

5. **प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन.**——(1) धारा 11 में निर्दिष्ट प्रारंभिक अधिसूचना प्ररूप–2 में प्रकाशित की जाएगी।

(2) धारा 11 में निर्दिष्ट प्रारंभिक अधिसूचना की एक प्रति प्रभावित क्षेत्रों में, सहजदृश्य स्थानों पर चिपकाई जाएगी और ढोल बजाकर जनसाधारण को इसकी सूचना दी जाएगी।

(3) धारा 11 के अधीन प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन के पश्चात् कलक्टर निम्नानुसार यथा विनिर्दिष्ट भूमि अभिलेखों को अद्यतन करने की प्रक्रिया पूर्ण करवाना सुनिश्चित करेगा:–

(क) मृतक व्यक्तियों के नामों का लोप करना;

(ख) मृतक व्यक्तियों के विधिक वारिसों के नामों की प्रविष्टि करना;

(ग) भूमि पर अधिकारों के रजिस्ट्रीकृत संव्यवहारों, जैसे विक्रय, दान, विभाजन आदि को प्रविष्ट करना;

(घ) बंधकों की भू–अभिलेखों में समस्त प्रविष्टियाँ करना;

(ङ) यदि उधारदाता अभिकरण, बंधक सम्पत्ति विलेखों के रजिस्ट्रीकृत प्रतिहस्तान्तरण के माध्यम से लिए गए ऋणों के पूर्ण संदाय का पत्र जारी करता है तो बंधक की प्रविष्टियों का लोप करना;

(च) समस्त विद्यमान वन विधियों की बाबत आवश्यक प्रविष्टियां करना ;

(छ) सरकारी भूमि की दशा में आवश्यक प्रविष्टियां करना;

(ज) भूमि पर परिसम्पत्तियों, जैसे भवनों, वृक्षों, कुओं आदि की बाबत आवश्यक प्रविष्टियां करना;

(झ) भूमि पर बँटाईदारों की प्रविष्टियां करना;

(ञ) उगाई गई या बोई गई फसलों और ऐसी फसलों के क्षेत्र की आवश्यक प्रविष्टियां करना; और

(ट) कोई अन्य सुसंगत प्रविष्टियां करना।

6. **आक्षेपों की सुनवाई.**––(1) कलक्टर, आक्षेपों को आमन्त्रित करने के लिए प्ररूप–3 में नोटिस जारी करेगा और समस्त आक्षपों पर सुनवाई करने तथा धारा 15 की उपधारा (2) के अधीन यथा उपबंधित जांच करने के पश्चात् आक्षेपों पर अपनी संस्तुतियों सहित समुचित सरकार को विनिश्चय के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(2) कलक्टर की रिपोर्ट में निम्नलिखित सम्मिलित होगाः–

(क) क्या प्रस्तावित अर्जन से लोक प्रयोजन पूर्ण होगा, का निर्धारण;

(ख) क्या अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि का विस्तार परियोजना के लिए आत्यंतिक कम से कम है;

(ग) क्या किसी वैकल्पिक स्थान पर भूमि अर्जन करने पर विचार किया गया है और उसे साध्य नहीं पाया गया है;

(घ) क्षेत्र में पूर्व अर्जित कोई अप्रयुक्त भूमि नहीं है;

(ङ) पूर्व में अर्जित और अप्रयुक्त भूमि, यदि कोई है, ऐसे लोक प्रयोजन के लिए प्रयुक्त की गई है और इसके सम्बन्ध में सिफारिशें;

(च) आक्षेपों पर सिफारिशें;

(छ) कार्यवाहियों का अभिलेख; और

(ज) ऐसे मामला, जहां सामाजिक समाधात निर्धारण में छूट दी गई है, में भू अर्जन की अनुमानित लागत।

7. **पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम तैयार करना और जन–सुनवाई.**––(1) धारा 11 की उपधारा (1) के अधीन प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन पर, प्रशासक ऐसी प्रारंभिक अधिूसचना के प्रकाशन से दो मास की अवधि के भीतर, प्रभावित कुटुम्बों का सर्वेक्षण करेगा और जनगणना का जिम्मा लेगा।

(2) प्रशासक द्वारा, प्रभावित कुटुम्बों के किए जाने वाले सर्वेक्षण और प्रभावित कुटुम्बों की जनगणना के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित ध्यान में रखेगा–

(क) सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट;

(ख) यथास्थिति, पंचायत, नगरपालिका या नगर निगम के अभिलेख और अन्य सरकारी अभिलेख।

(3) प्रशासक, प्रभावित कुटुम्बों के घर द्वार निरीक्षण द्वारा और प्रभावित क्षेत्र में परियोजनाओं की अवसंरचना की दशा में स्थल निरीक्षण डाटा का सत्यापन करवाएगा।

(4) धारा 16 की उपधारा (2) में वर्णित विशिष्टियों के अतिरिक्त प्रशासक द्वारा तैयार की गई प्रारूप पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम में निम्नलिखित अन्तर्विष्ट होगा, अर्थात्:—

(क) प्रभावित कुटुम्बों की उनके सदस्यों की आधार संख्या, यदि उपलब्ध है, सहित सूची;

(ख) विस्थापित कुटुम्बों की उनके सदस्यों की आधार संख्या, यदि उपलब्ध है, सहित सूची;

(ग) प्रभावित क्षेत्रों में अवसंरचना की सूची;

(घ) प्रभावित क्षेत्रों में भू–जोतों की सूची;

(ङ) वृक्षों, भवनों, अन्य अचल सम्पत्ति या भूमि से संसक्त परिसम्पत्ति या भवन, जिनका अर्जन किया जाना है, की सूची;

(च) प्रभावित क्षेत्र में व्यापार और कारबार की सूची;

(छ) प्रभावित क्षेत्र में अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों से सम्बन्धित व्यक्तियों, विकलांगों या शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों की सूची:

परन्तु यदि व्यक्ति के पास आधार नम्बर नहीं है, तो उसे इस प्रकार नामांकित करने के प्रयास किए जाएं, वह ऐसे यदि नामांकन के लिए अपनी सहमति देता है और प्रभावित कुटुम्बों के दावे सहमति आधार प्रमाणन सेवा प्रदान करके सुकर बनाए जाएं।

(5) प्रशासक, प्रभावित क्षेत्र में प्रारूप पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का निम्नलिखित रीति में प्रकाशन के माध्यम से प्रचार करवाएगा, अर्थात्:—

(क) राजपत्र में;

(ख) ऐसे क्षेत्र के परिक्षेत्र में परिचालित किए जा रहे दो दैनिक समाचार पत्रों में, जिनमें से एक प्रादेशिक भाषा में होगा:

परन्तु ऐसे स्थान, जहाँ ऐसे माध्यम उपलब्ध नहीं हैं, तो यह खण्ड लागू नहीं होगा;

(ग) यथास्थिति, पंचायत, नगरपालिका या नगर निगम में स्थानीय भाषा में और जिला कलक्टर, उप–मण्डल मजिस्ट्रेट और यथास्थिति, तहसील, तालुक, उप–मण्डल या खण्ड कार्यालयों में;

(घ) समुचित सरकार की वैबसाईट पर अपलोड करके।

(6) प्रशासक या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (सामाजिक समाघात निर्धारण और सहमति) नियम, 2015 के नियम 8 के उपबन्धों के अनुसार तीन सप्ताह का अग्रिम नोटिस देकर उक्त नोटिस में वर्णित तारीख, समय और स्थान पर प्रभावित क्षेत्रों में जन–सुनवाई आयोजित करेगा।

8. **अनुमोदित पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का प्रकाशन.**——आयुक्त, अनुमोदित पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम को प्रभावित क्षेत्र में सहजदृश्य स्थानों पर चिपकाकर प्रकाशित करवाएगा।

9. अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति कुटुम्बों के लिए विकास योजना.– अर्जक निकाय की ओर से भूमि अर्जन से अन्तर्वलित परियोजना के मामलों में जिनमें धारा 41 में निर्दिष्ट अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति कुटुम्बों का अस्वैच्छिक विस्थापन अन्तर्वलित हो, में विकास योजना प्ररूप–4 में तैयार की जाएगी।

——————

अध्याय–4

घोषणा और पंचाट

10. **अर्जन के लिए घोषणा का प्रकाशन.**——धारा 19 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट घोषणा प्रभावित क्षेत्र में प्ररूप–5 में सहजदृश्य स्थानों पर स्थानीय भाषा में उसकी प्रति चिपकाकर प्रकाशित की जाएगी।

11. **भूमि अर्जन पंचाट.**——धारा 23 में निर्दिष्ट भूमि अर्जन पंचाट, प्ररूप–6 और प्ररूप–7 में किया जाएगा।

12. **प्रभावित कुटुम्बों के मछली पकड़ने के अधिकार.**——अधिनियम की द्वितीय अनुसूची की क्रम संख्या 9 के सामने स्तम्भ (3) में निर्दिष्ट मछली पकड़ने के अधिकारों को सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग या सरकार के किसी अन्य सम्बद्ध विभाग के परामर्श से मत्स्यपालन विभाग द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा।

13. **अतिरिक्त (अधिक) रकम की वसूली.**——धारा 33 की उपधारा (3) में यथा निर्दिष्ट अतिरिक्त (अधिक) रकम का संदाय करने में किसी व्यतिक्रम या इन्कार करने के मामले में उसे राजस्व वसूली अधिनियम, 1890 (1890 का 1) के उपबन्धों के अधीन भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूला जाएगा और ऐसी वसूली की कार्यवाहियाँ, उस तारीख से, के जिस तारीख को अधिक रकम का संदाय किया गया पाया गया हो, तीन वर्ष की अवधि के भीतर आरम्भ की जाएगी।

14. **पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रसुविधा की वसूली.**——किसी मिथ्या दावे या कपटपूर्ण साधनों से प्राप्त की गई किसी पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रसुविधा की राजस्व वसूली अधिनियम, 1890 (1890 का 1) के उपबन्धों के अधीन भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूली की जाएगी।

15. **धारा 2 की उपधारा (3) के अधीन भूमि विस्तार की सीमाएं.**——धारा 2 की उपधारा (3) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट भूमि विस्तार की सीमा शहरी क्षेत्रों में बीस हैक्टेयर और ग्रामीण क्षेत्रों में चालीस हैक्टेयर होगी।

——————

अध्याय–5

प्रशासक, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन समिति और राष्ट्रीय मॉनीटरिंग समिति

16. **प्रशासक की शक्तियां, कर्त्तव्य और उत्तरदायित्व.**——(1) प्रशासक की निम्नलिखित शक्तियां, कर्त्तव्य और उत्तरदायित्व होंगे, अर्थात्:–

(क) नियम 7 के अनुसार सर्वेक्षण संचालित करवाना और प्रभावित कुटुम्बों की जनगणना करवाना तथा प्रत्येक प्रभावित कुटुम्ब द्वारा रखे गए पशुधन के ब्यौरे तैयार करना;

(ख) प्रारूप पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम (जिसे इसमें इसके पश्चात् प्रारूप स्कीम कहा गया है) तैयार करना;

(ग) नियम 7 के उप नियम (5) के अनुसार प्रारूप स्कीम का प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक प्रचार करवाना;

(घ) सम्बद्ध व्यक्तियों और प्राधिकरणों को प्रारूप स्कीम उपलब्ध करवाना;

(ङ) प्रारूप स्कीम पर जन–सुनवाई आयोजित करवाना और संचालित करवाना;

(च) कलक्टर को प्रारूप स्कीम प्रस्तुत करना;

(छ) पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम निष्पादित और मानीटर करना;

(ज) पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम के कार्यान्वयन उपरान्त सामाजिक संपरीक्षा में आयुक्त की सहायता करना; और

(झ) पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए किए जाने वाले कोई अपेक्षित अन्य संकर्म।

17. परियोजना स्तर पर पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन समिति.––(1) धारा 45 के अधीन गठित पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन समिति निम्नलिखित प्रक्रियाओं का अनुसरण करेगीः–

(क) समिति अपनी प्रथम बैठक तभी करेगी जब प्रशासक द्वारा प्रारूप तैयार कर लिया गया हो;

(ख) समिति प्रारूप स्कीम पर विचार–विमर्श करेगी और उस पर सुझाव देगी तथा सिफारिशें करेगी तथा तत्पश्चात् समिति पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक एक मास में एक बार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की प्रगति की समीक्षा और मॉनीटरिंग करेगी;

(ग) कार्यान्वयन उपरान्त सामाजिक संपरीक्षा के क्रियान्वयन के प्रयोजन के लिए समिति तीन मास में एक बार बैठक करेगी;

(घ) समिति प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर सकेगी और इस प्रकार यदि अपेक्षित हो तो प्रभावित कुटुम्बों के साथ विचार–विमर्श कर सकेगी और पुनर्व्यवस्थापन प्रक्रिया को मॉनीटर करने के लिए पुनर्व्यवस्थापन क्षेत्र का दौरा कर सकेगी।

(2) समिति के सदस्य–संयोजक की समुचित सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए गए अधीनस्थ अधिकारियों आरै कर्मचारिवृन्द द्वारा सहायता की जाएगी।

(3) समिति के गैर–सरकारी सदस्य, राज्य सरकार के समूह–'क' अधिकारियों को अनुज्ञेय दर पर यात्रा और दैनिक भत्ते के हकदार होंगे।

18. प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी, रजिस्ट्रार और अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों का वेतन और भत्ते आदि.––(1) प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी को संदेय वेतन एवं भत्ते तथा उसकी सेवा के अन्य निबन्धन एवं शर्तें (पेंशन, उपदान और अन्य सेवा निवृत्ति प्रसुविधाओं सहित) और दुर्व्यवहार अथवा अक्षमता के अन्वेषण की पद्धति वैसी ही होगी जो जिला न्यायाधीश को लागू है।

(2) प्राधिकरण के रजिस्ट्रार को संदेय वेतन एवं भत्ते तथा उसकी सेवा के अन्य निबन्धन एवं शर्तें (पेंशन, उपदान और अन्य सेवा निवृत्ति प्रसुविधाओं सहित) वैसी ही होगी जो राज्य सरकार के उप सचिव के स्तर के अधिकारी को लागू है।

(3) प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों को संदेय वेतन एवं भत्ते तथा उनकी सेवा के अन्य निबन्धन एवं शर्तें (पेंशन, उपदान और अन्य सेवा निवृत्ति प्रसुविधाओं सहित) वैसी ही होंगी जो राज्य सरकार के समतुल्य स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों को लागू हैं।

19. राष्ट्रीय मॉनीटरिंग समिति की प्रक्रिया.——(1) धारा 48 के अधीन गठित राष्ट्रीय मॉनीटरिंग समिति, धारा 18 के अधीन आयुक्त द्वारा अनुमोदित स्कीम के प्रकाशन से दो मास की अवधि के भीतर परियोजनाओं के लिए पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीमों के कार्यान्वयन का पुनर्विलोकन और मॉनीटरिंग करेगी और तत्पश्चात् समिति की बैठकें पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीमों के कार्यान्वयन का पुनर्विलोकन और मॉनीटरिंग करने के लिए तीन मास में एक बार आयोजित की जाएगी।

(2) उप नियम (1) के प्रयोजन के लिए समिति–

(क) पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीमों के अभिलेख और सूचना मंगवा सकेगी;

(ख) जब कभी अपेक्षित हो, अर्जक निकाय को विचार–विमर्श के लिए बुला सकेगी; और

(ग) इसके विनिश्चय (निर्णय) के कार्यान्वयन के बारे में रिपोर्ट मांग सकेगी।

(3) राष्ट्रीय मॉनीटंरिंग समिति से सम्बद्ध गैर–सरकारी विशेषज्ञों को राज्य सरकार के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी को अनुज्ञेय दर पर यात्रा और दैनिक भत्ता संदत्त किया जाएगा।

अध्याय–6

प्रकीर्ण

20. अप्रयुक्त भूमि को लौटाने की रीति.——(1) जब अधिनियम के अधीन अर्जित कोई भूमि धारा 101 में यथा निर्दिष्ट पांच वर्ष की अवधि के लिए अप्रयुक्त रह जाती है तो उसे अर्जक निकाय, जिसके लिए भूमि अर्जित की गई थी, को नोटिस जारी करके और उसे सुनवाई का अवसर देकर तथा इस प्रयोजन के लिए इस निमित्त कलक्टर द्वारा आवश्यक लिखित आदेश पारित करके, यथास्थिति, वास्तविक स्वामी या स्वामियों या उनके विधिक वारिसों या भूमि बैंक को लौटा दिया जाएगा।

(2) उप नियम (1) के अधीन कलक्टर द्वारा आदेश पारित करने के पश्चात् कलक्टर, यथास्थिति, वास्तविक स्वामी या स्वामियों के विधिक वारिसों या भूमि बैंक को लौटाने के प्रयोजन के लिए उस अर्जित भूमि का कब्जा लेगा।

(3) यदि भूमि, यथास्थिति, वास्तविक स्वामी या स्वामियों या उनके विधिक वारिसों को वापस लौटाई जा रही है तो भूमि का कब्जा लेने से पूर्व तोषण को अपवर्जित करके उन्हें संदत्त किया गया प्रतिकर लौटाया जाएगा और उनके द्वारा उसे कलक्टर द्वारा यथा विनिर्दिष्ट उसके कार्यालय के अभिहित खाते में निक्षिप्त (जमा) किया जाएगा तथा इस प्रकार लौटाई गई रकम का उपयोग खेती योग्य बंजर भूमि के विकास के लिए किया जाएगा।

(4) यदि अर्जक निकाय उक्त भूमि का कब्जा कलक्टर को नहीं सौंपता है तो कलक्टर, अर्जक निकाय को पूर्व नोटिस देने के पश्चात् कब्जा लेने के लिए, सम्बद्ध कार्यकारी मजिस्ट्रेट और पुलिस की सहायता लेने के लिए सक्षम होगा।

प्ररूप–1

(नियम 3(1) देखें)

भूमि अर्जन हेतु आवेदन/अनुरोध

प्रेषकः

अर्जक निकाय का नाम और/या पदनाम

सेवा में,

1. कलक्टर,

जिला ....

2. आयुक्त, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन ....

................हैक्टेयर भूमि अर्जित किए जाने का आवेदन/अनुरोध है जिसके लिए .... परियोजना/प्रयोजन और इसका ब्यौरा, अर्जित की जाने वाली भूमि को दर्शाते हुए संयुक्त नक्शे (मापने के लिए) की तीन प्रतियों के साथ उपाबन्ध I, II, III प्रस्तुत हैं।

परियोजना को पूर्ण होने की अवधि .... वर्ष और.............. महीने होगी। (केवल तभी लागू होगी यदि परियोजना पूर्ण होने की अवधि 5 वर्ष से अधिक हो)।

सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन (एसआईए) की लागत सहित अर्जन की अपेक्षित लागत उपलब्ध है और इसे भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के उपबन्धों में यथा उपबंधित आपके द्वारा कभी भी मांगे जाने पर आपके कार्यालय में जमा कर दी जाएगी। आगे की सभी आवश्यक सूचना और सहायता आपके द्वारा नियत/निर्धारित तारीख/समय पर उपलब्ध करवा दी जाएगी।

भवदीय,

अर्जक निकाय

———————

उपाबंध– I

परियोजना का नामः–

(1) गांव का नाम ————————

(2) तालुक/उप खण्ड/तहसील/ब्लॉक(यथा लागू) का नाम ———————

(3) नगर पालिका/नगर निगम का नाम ———————————

(4) जिला का नाम ——————————

(5) अर्जित की जाने वाली सर्वेक्षण संख्या ——————————

(6) आवेदन/अनुरोध के अधीन कुल क्षेत्र (है0/वर्ग मीटर में) ————————

(7) अर्जित किए जाने वाले क्षेत्र की सीमाएं ——————————————

पूर्व ———————

पश्चिम ———————

उतर ———————

दक्षिण ———————

(8) कृषि और सिंचित बहु–फसली भूमि का क्षेत्र ——————————

(9) कृषि एवं सिंचित बहु–फसली भूमि को सम्मिलित करने के कारण –

————————————————————

————————————————————

(10) भवनों और अन्य संरचनाओं, टैंको, कुओं, वृक्षों आदि के ब्यौरे ....

(11) अर्जन हेतु धार्मिक भवनों, शमशान घाटों या मकबरा, आदि, यदि कोई हो, को सम्मिलित करने के कारण।

अर्जक निकाय

————————

उपाबंध–II

परियोजना का नामः–

1. विभाग या सरकार या कंपनी, स्थानीय प्राधिकरण, संस्थाः
2. अर्जक निकाय का शासकीय पदनामः–
3. अर्जन का प्रयोजन (विस्तृत रूप में):–
4. क्या सरकार या विभाग द्वारा अधिनियम की धारा 2 (1) के अधीन अपने उपयोग, धारण और नियंत्रण के लिए आवेदन/अनुरोध किया गया है ?
5. क्या अधिनियम की धारा 2(1) (क) से 2(1)(च) के अधीन आवेदन/अनुरोध किया गया है ?
6. क्या अधिनियम की धारा 2(2) (क) या (ख) के अधीन आवेदन/अनुरोध किया गया है ?
7. अधिनियम की धारा 3 (ग) (i) से (vi) के अधीन उल्लिखित के अनुसार कितने कुटुम्ब प्रभावित हैं?
8. क्या अधिनियम की धारा 40 के अधीन आवेदन/अनुरोध किया गया है ?
9. यदि हां, तो किस आधार पर ?
10. क्या परियोजना के लिए भूमि को निजी बातचीत के द्वारा स्वामियों से अंशतः क्रय किया गया है?
11. यदि हां, तो किस तारीख को एवं किन निबंधनों पर ? (कृप्या बातचीत के निबंधनों का संक्षिप्त उल्लेख करें तथा इसकी प्रतिलिपि संलग्न करें)।
12. सरकार या विभाग या स्थानीय प्राधिकरण के मामले में परियोजना के लिए प्रशासनिक अनुमोदन जारी होने की तारीख। (प्रति संलग्न करें)।
13. यदि आवेदन/अनुरोध सरकार या विभाग अथवा स्थानीय प्राधिकरण के मामले में परियोजना के प्रशासनिक अनुमोदन के छह सप्ताह के पश्चात किया गया है, तो आवेदन/अनुरोध करने में हुए विलम्ब का कारण।
14. जमीन पर कब्जा कब तक अपेक्षित है ?

अर्जक निकाय

उपाबंध–III

अर्जक निकायों द्वारा भूमि के भू–अर्जन हेतु आवेदन/अनुरोध के साथ प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाण पत्र।

परियोजना का नामः–

(1) प्रमाणित किया जाता है कि वह परियोजना, जिसके लिए भूमि अर्जित किए जाने की मांग की गई है, उस पर अधिनियम के तहत अर्जन के लिए तारीख .... के विभागीय पत्र............ के द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। (पत्र की प्रति संलग्न है)। (यदि लागू हो)

(2) परियोजना की अनुमानित लागत .... रूपए है और आवश्यक बजट की मंजूरी दे दी गई और अर्जन के लिए निधि उपलब्ध है।

(3) अर्जक निकाय, भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण/उच्च न्यायालय/उच्चतम न्यायालय और जब कभी कलक्टर द्वारा ऐसा करने के लिए कहा जाए, डिक्री के मामले में संपूर्ण रकम का संदाय करने के लिए बचनवद्ध है।

अर्जक निकाय

————

प्ररूप–2

[नियम 5(1) देखें]

प्रारंभिक अधिसूचना

सं0 **तारीख...................**

समुचित सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन के लिए.... ग्राम...तालुक/उपखंड/तहसील/ब्लाक(यथा लागू)........जिलों में कुल....हैक्टेयर भूमि अपेक्षित है, नामतः..........सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन (एसआईए) युनिट द्वारा किया गया था और नियम 4 के अधीन यथा अधिकथित कलक्टर द्वारा गठित एक दल द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी/प्रारम्भिक अन्वेषण किया गया था। सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट/प्रारम्भिक जांच का सार इस प्रकार है। सामााजिक समाधात निर्धारण रिपोर्ट की एक प्रति संलग्न है):–

भूमि अर्जन के कारण कुल......(संख्या) कुटुम्बों के विस्थापन होने की संभावना है। ऐसे विस्थापन की आवश्यकता के कारण नीचे दिए गए हैं।

———————————————————————————————

.........................को प्रभावित कुटुम्बों के पुनर्वासन एंव पुनर्व्यव्यस्थापन के प्रयोजन हेतु प्रशासक के रूप में नियुक्त किया जाता है। अतः जिला......... तालुक/उपखंड/तहसील/ब्लाक (यथा लागू)..........के ग्राम....... में यह अधिसूचित किया जाता है कि ......हैक्टेयर माप के एक भूखंड अर्थात् ... मानक माप के भूखंड, जिसका विवरण निम्नानुसार है, का अर्जन किया जाता हैः–

क्र0 सं0	सर्वेक्षण संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि की किस्म	अर्जन का क्षेत्र (हैक्टेयर में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता	सीमाएं			
						उ.	द.	पू.	प.

वृक्ष	
किस्म	संख्या

संरचनाएं	
प्रकार	प्लिंथ क्षेत्र

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और परदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013(2013 का 30) की धारा 11(1) के उपबंधों के अधीन जारी की गई है।

भूमि से संबंधित रेखांकन (प्लान) कलक्टर के कार्यालय में और............... को किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एंव विनिर्दिष्ट.......................अधिकारी और उनके कर्मचारिवृंद......................को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिए अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहरा नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात्, क्रय/विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी हितबद्ध व्यक्ति द्वारा अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप, यदि कोई हो, फाइल किए जा सकेगें।

चूंकि धारा 40(2) के कार्यक्षेत्र के भीतर आने वाली परियोजना के लिए भूमि की तत्काल अपेक्षा है और इसके लिए संसद का अनुमोदन प्राप्त है, इसलिए सं.आ. संख्याः........तारीख....के द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन न करने का विनिश्चय किया गया है। (यदि लागू न हो तो हटा दिया जाए)

संलग्नकः यथोपरि।

स्थानः

तारीखः कलक्टर

प्ररूप–(3)

(नियम 6(1)देखें)

कलक्टर द्वारा नोटिस

संख्यांक.......................... तारीख...............................

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि .... जिला में...........तालुक/उपखंड/तहसील/ब्लॉक (यथा लागू).......ग्राम में स्थित और नीचे दी गई अनुसूचि में विनिर्दिष्ट भूमि की आवश्यकता है या तारीख.......... राजपत्र (राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम) के भाग 1 के पृष्ठ.........में कलक्टर द्वारा प्रकाशित भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं परदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013(2013 का अधिनियम संख्या 30) की धारा 11(1) के अधीन अधिसूचना के अनुसार आवश्यकता की संभावना है। तदनुसार, भूमि में हितबद्ध सभी व्यक्तियों द्वारा उक्त भूमि के अर्जन के बारे में अपनी आपतियों, यदि कोई हो, उपर्युक्त प्रारम्भिक अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख के साठ(60) दिनों के भीतर लिखित रूप में दाखिल किया जाना अपेक्षित है। आपेक्ष संबंधी कोई विवरण जो नियत तारीख के पश्चात् प्राप्त होता है या जो भेजने वाले के भूमि के हित की प्रकृति को स्पष्ट रूप से नहीं बताता, तो वह संक्षेपतः अस्वीकार करने हेतु दायी होगा। नियम तारीख, यदि

कोई हो, के भीतर प्राप्त आक्षेपों की जांच..........को .... बजे की जाएगी जब.... आक्षेपकार्ताओं को व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होने की स्वतंत्रता होगी और अपने आक्षेपों के समर्थन में कोई भी मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

अनुसूचि

क्र. सं.	सर्वेक्षण संख्या	कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	अर्जन के अधीन क्षेत्र	हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता	सीमाएं उ.द.पू.प	पेडों संरचनाओं आदि, यदि कोई हो का, ब्यौरा
1	2	3	4	5	6	7

स्थानः

तारीखः **कलक्टर**

————————

प्ररूप–(4)

(नियम 9 देखें)

भू अर्जन के कारण अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के विस्थापित कुटुम्बों के लिए पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना के अधीन विकासात्मक योजना का आरूप

क्र. सं.	दावेदार / कुटुम्ब के मुखिया का नाम	स्थायी पता	हकदारी (अधिनियम की धारा 31, 41 और दूसरी अनुसूची देखें)	टिप्पणियां
			1. कृषि बागवानी, पशु चरागाह क्षेत्र के लिए प्रत्येक कुटुम्ब को 0.4 हैक्टेयर तक भूमि दी जाएगी। 2. प्रत्येक कुटुम्ब को रहने के लिए आवसीय इकाई, पेय जल सुविधाओं, शौचालय आदि की व्यवस्था। 3. प्रत्येक कुटम्ब को एक बार एक लाख पचास हजार की वितिय सहायता दी जाएगी। 4. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना या / और कोई अन्य कार्य उपलब्ध कराने वाली सरकारी स्कीम के अधीन भूमिहीन मजदूरों को नियोजन दिया जाएगा। 5. प्रभावित कुटुम्ब के युवकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से दक्षता का विकास। 6. विस्थापित कुटुम्ब के लिए एक वर्ष के लिए प्रतिमाह जीवन निर्वाह भत्ता के रूप में तीन हजार रूपए के समतुल्य पंचाट की तारीख से मंजूर किया जाएगा।	

			7. पशुशाला एवं छोटी दुकान के लिए कम से कम पच्चीस हजार रूपए। 8. अनुसूचित जाति के प्रभावित सदस्यों के लिए गैर–वन भू क्षेत्रों पर वैकल्पिक ईंधन, चारा और गैर–इमारती वन–उत्पदर संसाधन। 9. मछली पकड़ने के अधिकार।	

(क) देय भू–अधिकार, लेकिन निपटान नहीं किया गया, के ब्यौरे

(ख) विशेष अभियान चलाकर अन्य संक्रामित भूमि पर अनुसूचित जनजाति के साथ–साथ अनुसूचित जातियों के हकों के प्रत्यावर्तन के लिए कार्रवाई के ब्यौरे

(ग) अधिनियम की धारा 41(5) के अधीन जनजातीय समुदायों के साथ साथ अनुसूचित जाति की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पांच वर्ष की अवधि के भीतर गैर–वन भू क्षेत्रों पर वैकल्पिक ईंधन, चारा और गैर–इमारती वन–उत्पाद संसाधनों के लिए विकास के लिए कार्यक्रम।

————————

प्ररूप–(5)

खनियम 10 देखें,

राजस्व विभाग के सचिव द्वारा घोषणा

तारीख .... **सं0 ....**

सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजनार्थ .... ग्राम .... तालुक / उपखंड / तहसील / ब्लॉक (यथा लागू) .... जिला में कुल .... हैक्टेयर अर्थात् भूमि अपेक्षित है।

इसलिए घोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो .... हैक्टेयर है जो ग्राम .... तालुक / उपखंड / तहसील / ब्लॉक (यथा लागू) .... जिला .... में है, जिसका विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित है:

क्र0 सं0	सर्वेक्षण संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि की किस्म	अर्जन के अधीन क्षेत्र (हैक्टेयर में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता	सीमाएं			
						उ.	द.	पू.	प.

वृक्ष	
किस्म	संख्या

संरचनाएं	
प्रकार	प्लिंथ / कुर्सी क्षेत्र

यह घोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आक्षेपों को सुनने और भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 15 में यथा उपबंधित सम्यक जांच करने के पश्चात् की गई है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित कुटुम्ब की संख्या .... है जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं

जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित हैः—

ग्राम .... तालुक / उपखंड / तहसील / ब्लॉक (यथा लागू) .... जिला में कुल जिला .... क्षेत्र .... (हैक्टेयर में)।

उक्त भूमि के या उक्त भूमि के किसी भाग में पड़े, कोयला, लौह—पत्थर, स्लेट या अन्य खनिजों की खाने हैं, खान और खनिज के ऐसे भागों को अपवर्जित करके जिन्हें उस प्रयोजन, जिसके लिए भूमि अर्जित की जा रही है, की परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाए या उपयोग किए जाने की अपेक्षा है।

जिला भूमि अर्जन अधिकारी एवं .... के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का सार संलग्न है।

संलग्नक यथोपरि।

सचिव,
राजस्व विभाग

————————

प्ररूप—(6)

(नियम 11 देखें)

भू—अर्जन पंचाट

भू—अर्जन वाद संख्याः

	परियोजना का नाम
	घोषणा की संख्या और तारीख जिसके अधीन भूमि का अर्जन किया जाना है।
	भूमि की अवस्थिति और हैक्टेयर में उसका विस्तार, सर्वेक्षण संबंधी मानचित्र में क्षेत्र प्लाटों की संख्या, मील योजना, यदि कोई हो, की संख्या सहित ग्राम जिसमें भूमि अवस्थित है।
	भूमि का विवरण अर्थात् क्या परती भूमि, खेती की, वास—स्थान इत्यादि है। यदि भूमि खेती की है तो कैसे खेती की है ? सिंचाई का स्त्रोत
	भूमि में हितबद्व व्यक्तियों के नाम और उनकी अपनी—अपनी हितबद्वता की प्रकृति
	ऐसे व्यक्तियों की आधार संख्या
	भूमि के लिए स्वीकृत रकम, वृक्ष रहित, भवन रहित इत्यादि, यदि कोई हो।
	भूमि में पट्टेदारी के हित में ऐसी स्वीकृत रकम में से प्रतिकर के रूप में देय रकम
	परिकलन का आधार
	वृक्ष, आवास या कोई भी अन्य अचल सम्पति के लिए स्वीकृत रकम
	फसलों के लिए स्वीकृत रकम
	धारा 30(3) के अधीन बाजार मूल्य पर अतिरिक्त प्रतिकर।
	2013 के अधिनियम 30 की धारा 28 के अधीन नुकसानी

	धारा 30(1) के अधीन तोषण
	कुल रकमें।
	सरकारी राजस्व या संदत्त पूंजीगत मूल्य के उपशमन का विवरण जिस तारीख से उपशमन प्रभावी होता हो।

	प्रतिकर की रकम का प्रभाजन	क्रम संख्या	दावेदारों के नाम	आधार संख्या	प्रत्येक को संदेय रकम	बैंक खाता सं0	टिप्पणियां
	क्षेत्रफल (हैक्टेयर में)						

	2013 के अधिनियम 30 की 38 (1) एवं धारा 40(1) के अधीन भूमि को जिस तारीख को कब्जे में लिया गया।

यदि कब्जा धारा 40(1) के अधीन लिया गया है तो ऐसा प्राधिकार देने वाले सरकार के आदेश की संख्या एवं तारीख।

तारीखः **हस्ताक्षर**

*उन सभी मामलों में जिनमें आधार संख्या उपलब्ध नहीं है या दावेदार के बैंक खाते में आधार नहीं जोड़ा गया है, एकत्र किए गए बैंक खाते के ब्यौरे।

———————

प्ररूप–(7)

(नियम 11 देखें)

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए पंचाट

भू–अर्जन वाद संख्याः

1	परियोजना का नाम
2	घोषणा की संख्या एवं तारीख जिसके अधीन भूमि का अर्जन किया जाना है।
3	भूमि की अवस्थिति और हैक्टेयर में विस्तार, सर्वेक्षण मानचित्र पर क्षेत्र खंडों की संख्या, मील योजना के साथ वह गांव, यदि कोई हो।
4	भवन इकाइयों का विवरण परिवहन खर्च, आवास भत्ता, वार्षिकी, रोजगार, जीवन–निर्वाह अनुदान, पशुशाला, छोटी–मोटी दुकान, एकमुश्त पुनर्वासन भत्ता इत्यादि।
5	भूमि में हितबद्व व्यक्तियों के नाम और पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए उनके अपने–अपने दावों की प्रकृति।

6	प्रतिकर की राशि का प्रविभाजन क्षेत्रफल (हैक्टेयर में)	क्रम संख्या	दावेदारों / प्रभावित कुटुम्बों के नाम	आधार सं0	पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की हकदारियां	बैंक खाता सं0	प्रत्येक को संदेय रकम	गैर–वित्तीय हकदारियां	टिप्पणियां
					(i) आबंटित किए जाने वाले आवास। (ii) आबंटित की जाने वाली भूमि। (iii) विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना। (iv) वार्षिकी / नियोजन। (v) निर्वाह अनुदान। (vi) परिवहन लागत, आवास भत्ता। (vii) पशुशाला, छोटी–मोटी दुकान। (viii) शिल्पी, छोटे व्यापारियों और कुछ अन्यों को एकमुश्त अनुदान। (ix) मछली पकड़ने के अधिकार। (x) एकमुश्त पुनर्वासन भत्ते। (xi) स्टांप डयूटी और रजिस्ट्रीकरण फीस।				

7	जिस तारीख को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन हकदारियां प्रभावित कुटुम्ब को दी गई।
8	परिकलन का आधार।
9	वृक्ष, आवास या किसी भी अन्य अचल सम्पति के लिए स्वीकृत रकम
10	फसलों के लिए स्वीकृत रकम
11	धारा 30(3) के अधीन बाजार मूल्य पर अतिरिक्त प्रतिकर।

12	2013 के अधिनियम 30 की धारा 28 के अधीन नुकसानी
13	धारा 30(1) के अधीन तोषण
14	कुल रकमें।
15	सरकारी राजस्व या संदत्त पूंजीकृत मूल्य के उपशमन का विवरण, जिस तारीख से उपशमन प्रभावी होता हो।

	प्रतिकर की राशि का प्रविभाजन	क्रम संख्या	दावेदारों के नाम	आधार संख्या	प्रत्येक को संदेय रकम	बैंक खाता सं0	टिप्पणियां
	क्षेत्रफल (हैक्टेयर में)						
	30/2013 के अधिनियम की 38(1) एवं धारा 40(1) के अधीन भूमि को जिस तारीख को कब्जे में लिया गया						

यदि कब्जा धारा 40(1) के अधीन लिया गया है तो ऐसा प्राधिकार देने वाले सरकार के आदेश की संख्या एवं तारीख।

तारीखः **हस्ताक्षर**

* उन सभी मामलों में जिनमें आधार संख्या उपलब्ध नहीं है या आधार दावेदार के बैंक खाते में नहीं जोड़ा गया है, एकत्र किए गए बैंक खाते के ब्यौरे।

आदेश द्वारा,
तरुण श्रीधर,
वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व)।

[*Authoritative English text of this Department Notification No. Rev.B.A.(3)4/2016 dated 19.4.2017 as required under article 348(3) of the Constitution of India*].

REVENUE DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-171002, *the* 19*th* *April,* 2017

No.Rev.B.A.(3) 4 /2016.—Whereas, the draft rules, namely the the Himachal Pradesh Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement (Compensation, Rehabilitation and Resettlement and Development Plan) Rules, 2016 were notified vide Notification of even number dated 23 January, 2017 and published in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh on dated 28th February, 2017 as required under section 112 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (Act No. 30 of 2013) for inviting objection(s) or suggestion(s) from the persons likely to be effected thereby within a period of 30 days from the date of said publication;

And whereas, the objections/suggestions received from the effected persons on the said draft rules have been considered by the State Government;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the section 109 read with section 112 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (Act No. 30 of 2013), the Governor, Himachal Pradesh is pleased to make the following rules, namely;

THE HIMACHAL PRADESH RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT (COMPENSATION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT AND DEVELOPMENT PLAN) RULES, 2016.

DRAFT RULES

CHAPTER-I

General

1. **Short title, applicability and commencement**.—(l) These rules may be called the Himachal Pradesh Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement (Compensation, Rehabilitation and Resettlement and Development Plan) Rules, 2016.

(2) They shall be applicable in cases of land acquisition where the State Government is the appropriate Government as per the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (Act No. 30 of 2013); and shall extend to the whole of the State of Himachal Pradesh.

(3) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.**—(1) In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) "Aadhaar number" means a 12-digit unique identification number generated and issued to an individual by the Unique Identification Authority of India (UIDAI) after de-duplication of demographic and biometric information pertaining to the individual;

(b) *"Act"* means the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition. Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (Act No. 30 of 20l3);

(c) "consent-based Aadhaar authentication service" means electronic authentication carried out by Unique Identification Authority of India (UIDAI), or agencies appointed by it, after matching the biometric information of an individual at his request or with his consent, with information maintained by UIDAI in its own central servers, and include a 'Yes/No' response or response containing the demographic information and photograph of that individual; and

(d) "section" means section of the Act.

(2) Words and expression used but not defined in these rules and defined in the Act, shall have the meanings respectively assigned to them in the Act.

CHAPTER II

Request for Land Acquisition

3. **Request for acquisition of land.**—(1) After completion of Social Impact Assessment, wherever applicable and receipt of the recommendations of the Expert Group, if it appears to the appropriate Government that land in any area is required or likely to be required for any public purpose, the Requiring Body or its authorized representative, for whom land is to be acquired shall file the request to the concerned Collector in Form-1 alongwith the following documents, namely:—

(i) detailed project report;

(ii) sanction letter of project;

(iii) three copies of Record of Rights and revenue maps of the affected areas;

(iv) information about the classification of land that is, irrigated multi-cropped, single cropped, wasteland, etc; and

(v) any other information required by the collector.

(2) A copy of the request filed with the Collector under sub-rule (1) shall be submitted to the Commissioner.

(3) Where the Requiring Body is the Government, the request shall be filed by the Secretary of the concerned Department and in case of Public Sector Undertaking, by Secretary of the Department dealing with such undertaking.

4. **Action by Collector on receiving request.**—(1) (a) The Collector, on receiving the request under sub- rule (1) of rule 3, shall constitute a committee of officers consisting of officers from Revenue Department, Agriculture Department, Forest Department, Irrigation and Public Health Department, Public Works Department or any other Department as the Collector deems necessary to make a field visit alongwith the representatives of the Requiring Body to make a preliminary enquiry regarding-

(i) availability of waste or arid land;

(ii) correctness of the particulars furnished in the request under sub-rule (1) of rule 3;

(iii) bare minimum land required for the project;

(iv) whether the request is consistent with the provisions of the Act, and submit a report to the Collector.

(b) The report of the committee referred to in clause (a) shall include the following, namely:—

(i) that the proposed acquisition of land serves public pupose;

(ii) that the extent of land proposed for acquisition is the absolute bare-minimum needed for the project;

(iii) that the acquisition of land at an alternate place has been considered and found not feasible;

(iv) that there is no unutilized land which has been previously acquired in the area;

(v) that the land, if any , acquired earlier and remained unutilsed, may be used for such public purpose; and

(vi) the recommendations of the committee.

(2) (a) if the Collector, on the basis of the report of the committee referred to in subrule (1), other information available with him and instructions issued by the Central Government in this regard, is satisfied that the request is consistent with the provisions of the Act, he shall make a preliminary estimate of the cost of the acquisition as defined in clause (i) of section 3.

(b) The administrative cost under item (A) of sub-clause (vi) of section 3 shall be at the rate of five percent of the cost of compensation as provided in sub-clause (i) of clause (i) of section 3 subject to a maximum of five crore rupee.

(c) The Collector shall inform the Requiring Body to deposit the estimated cost of acquisition or part thereof as specified by the Collector in the designated account of the office of the Collector before the publication of declaration under sub-section (2) of section 19 within such period as may be specified by him and the Requiring Body shall deposit the same within the said period.

(3) The Requiring Body shall deposit the balance cost of acquisition after final estimation is prepared by the Collector and in cases where excess amount is awarded by the Authority or Court, the same shall be deposited as and when so required.

CHAPTER III

Preliminary Notification for land Acquisitionand Rehabilitation and Resettlement Scheme

5. Publication of preliminary notification.—(1) The preliminary notification referred to in section 11 shall be published in Form-II.

(2) A copy of the preliminary notification referred to in section 11 shall be affixed at conspicuous places in the affected areas and shall be informed to the public, by beat of drum.

(3) After publication of the preliminary notification under section 11, the Collector shall ensure completion of the exercise of updating land records as specified hereunder;-

(a) delete the names of deceased persons;

